# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-मार्च, 2013 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

### शुक्रवार, दिनांक 15 मार्च, 2013 (फाल्गुन 24, 1934)

**समय 10.30 बजे दिन**

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री कैलाश विजयवर्गीय, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री, संसदीय कार्य नियमावली के अध्याय 4 की कण्डिका 4.1 की उप कण्डिका 'ख' एवं 'ग' की अपेक्षानुसार कृषि विभाग की अधिसूचना क्रमांक बी-4-18-2001-चौदह-2, दिनांक 4 अक्टूबर, 2002 पटल पर रखेंगे.

(2) डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री, मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम अधिनियम, 1980 (क्रमांक 18 सन् 1980) की धारा 28 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2008-2009 तथा 2009-2010 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138(1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री प्रेमनारायण ठाकुर, सदस्य, प्रदेश के औपचारिकेत्तर शिक्षा योजना के तहत कार्यरत पर्यवेक्षकों तथा अनुदेशकों को पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण के बाद भी नियुक्ति न दिये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री पारस दादा, यशपाल सिंह सिसोदिया, चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, रतलाम स्थित सज्जन मिल के श्रमिकों के स्वत्वों का भुगतान न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री रामलाल मालवीय, सदस्य, उज्जैन जिले के जनपद पंचायत घट्टिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अनियमितता किये जाने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री सुदर्शन गुप्ता, सदस्य, इंदौर शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों से ध्वनि प्रदूषण होने से उत्पन्न स्थिति की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) श्री भगत सिंह नेताम, सदस्य, बालाघाट जिले के जनपद पंचायत बैहर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कपिल धारा योजना के तहत आदिवासी हितग्राहियों को डीजल पम्प प्रदाय में अनियमितता किये जाने की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) श्री गौतम टेटवाल , सदस्य, राजगढ जिले के सारंगपुर नगर में स्थित काली सिंध नदी का पुल क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सदस्य, ग्वालियर के चार शहर नाका पर वाहन की चपेट में आने से छात्र की मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) श्री बलीसिंह मरावी, सदस्य, शहडोल जिले के ब्यौहारी में नलजल योजना हेतु निविदा प्रक्रिया में अनियमितता होने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) श्री बिसाहूलाल सिंह, सदस्य, सिवनी जिले के महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम घोषित न किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, विदिशा जिले के त्योंदा में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान दो महिलाओं की मौत होने से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(11) श्री रामलल्लू वैश्य, सदस्य, सिंगरौली जिले के हर्रहवा स्थित शाला भवन का निर्माण अपूर्ण होने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(12) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम बेडावे निवासी प्रसूता की इलाज के अभाव में मौत होने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(13) श्री आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल विकास हेतु बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम योजना की राशि का दुरूपयोग किये जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(14) श्री आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मदरसा बोर्ड के नाम पर शासकीय राशि का दुरूपयोग किये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(15) श्री रामगरीब कोल, सदस्य, कटनी जिले के जनपद पंचायत रीठी के अतंर्गत पौध रोपण कार्य में अनियमितता किये जाने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(16) श्री रामनिवास रावत, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, डिंडोरी जिले के गोरखपुर अस्पताल में जबरन नसबंदी आपरेशन किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(17) डॉ.गोविन्द सिंह, सदस्य, ग्वालियर में पड़ाव थानान्तर्गत नसबंदी ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत होने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(18) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य, झाबुआ जेल में महिला कैदी गर्भवती होने की ओर जेल मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(19) श्री राव देशराज सिंह यादव, सदस्य, गुना जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रबंधक द्वारा अनियमितता किये जाने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

-2-

(20) श्री सुदर्शन गुप्ता, सदस्य, इंदौर के ग्राम पालाखेड़ी में आवासीय योजना चालू न किये जाने की ओर आवास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(21) श्री मोती कश्यप, श्री भगवान सिंह राजपूत, सदस्य, कटनी जिले के ग्राम कुंआ में बिजली के तारों के जाल में फसने से बाघ की मौत होने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(22) श्री भगवान सिंह राजपूत, सदस्य, भोपाल नगर में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन के तहत जल प्रदाय योजना का कार्य अधूरा होने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(23) डॉ.गोविन्द सिंह, श्री पुरूषोत्तम दांगी, सदस्य, भोपाल के शिक्षक कॉग्रेस गृह निर्माण समिति के संचालक मण्डल द्वारा भूखण्डों की अवैध बिक्री किये जाने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

## 4. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सभापति, प्रत्यायुक्त विधान समिति का पंचम् एवं षष्ठम् कार्यान्वयन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

## 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री ध्रुवनारायण सिंह, सदस्य, भोपाल शहर के-

(क) जहॉगीराबाद स्थित एक्सटॅाल कालेज से पुल बोगदा तक सड़क निर्माण किये जाने,
(ख) ईश्वर नगर झुग्गी बस्ती, मीरा नगर की प्राथमिक शाला का उन्नयन किये जाने ,
(ग) शाहपुरा के बाबा नगर, मीरा नगर, लक्ष्मण नगर के पास 1100 क्वार्टस स्थित शासकीय चिकित्सालय का उन्नयन किये जाने,
(घ) वार्ड क्र. 50 भरत नगर की सीवेज लाईन की मरम्मत किये जाने,तथा
(ङ) घोड़ा नक्कास से मंगलवारा तक की क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण किये जाने,

(2) श्री भगवान सिंह राजपूत, सदस्य, रायसेन जिले के-

(क) उदयपुरा से गाडरवारा के मध्य नर्मदा पुल से यात्री बसों के परमिट की स्वीकृती दिये जाने,
(ख) बारना मुख्य नहर को बढ़ाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध किये जाने,
(ग) ग्राम बगलवाड़ा से सतरावन के मध्य पुलिया निर्माण किये जाने,
(घ) ग्राम खुनिया से ऊटियाकला तक सड़क निमार्ण किये जाने,
(ङ) ग्राम गांजीखेड़ी से पथरई, मालझेड़ को जोड़ने हेतु सड़क निर्माण किये जाने,तथा
(च) ग्राम महगवां को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़े जाने,

(3) श्री गौतम टेटवाल, सदस्य, राजगढ़ जिले के-

(क) ग्राम कोड़ियाखेड़ी में पुलिया कम रपटा डेम निर्माण किये जाने,
(ख) ग्राम सुल्तानिया के हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने,तथा
(ग) सारंगपुर नेशनल हाईवे से भूराखेड़ी तक रोड निर्माण किये जाने,

(4) श्री प्रेमनारायण ठाकुर,सदस्य, छिंदवाड़ा जिले के विकास खण्ड हर्रई के ग्राम छुआ में हाई स्कूल स्वीकृत किये जाने,

(5) श्री बृजेन्द्र सिंह, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के पृथ्वीपुर में स्टेडियम का निर्माण किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे।

## 6. वर्ष 2013-2014 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 2 घन्टे 30 मि. | (1) | मांग संख्या – 3 | पुलिस |
| | | मांग संख्या – 4 | गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय. |
| 1 घन्टा | (2) | मांग संख्या – 39 | खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण. |
| 1 घन्टा. | (3) | मांग संख्या – 55 | महिला एवं बाल विकास. |
| 1 घन्टा. | (4) | मांग संख्या – 37 | पर्यटन |
| | | मांग संख्या – 43 | खेल और युवक कल्याण. |

## 7. शासकीय विधि विषयक कार्य

**श्री राघव**जी, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-2) विधेयक, 2013 (क्रमांक 5 सन् 2013) का पुरःस्थापन * करेंगे.

## 8. अशासकीय संकल्प

45 मि. (1) श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

" यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि टीकमगढ़ से ललितपुर रेल्वे सेवा प्रारंभ करायी जाय".

45 मि. (2) श्री पांचीलाल मेड़ा, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

" यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि इंदौर से मनमाड़ तक व्हाया धामनौद सेंधवा रेल लाईन बिछायी जाय".

1 घन्टा (3) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

" सदन का यह मत है कि प्रदेश में प्रत्येक विकास खंड एवं तहसील स्तर पर शासकीय या निजी कृषि उच्चर माध्यमिक विद्यालय एवं प्रत्येक जिला स्तर पर शासकीय अथवा निजी कृषि महाविद्यालय खोला जाये".

राजकुमार पांडे
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 14 मार्च, 2013

---

* मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्